Title: Need to provide financial assistance to Government of Uttar Pradesh for re-construction of a bridge on Tonse river in Mau district-Laid.

श्री बालकृष्ण चौहान (घोसी) : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र घोसी उ0प्र0 के जनपद मुख्यालय नगर मऊ की ओर दिलाना चाहता हूं। मऊ जनपद का सृजन लगभग 12 वर्षों पूर्व हुआ है। मऊ नगर का एक औद्योगिक नगर होने के बावजूद एक तरफ टौंस नदी तथा दूसरी तरफ रेल लाइन/ स्टेशन, रेल भूमि से घिरा होने के कारण क्षेत्रफल घनी आबादी की तुलना में काफी संकुचित है। नदी और रेल मार्ग से घिरा होने के कारण वहां के निवासियों का अन्यत्र आवागमन सुविधापूर्वक नहीं हो पाता है। टौंस नदी पर एक बहुत पुराना पुल था, जो गोरखपुर एवं बलिया आदि मार्गों को जोड़ता था। लेकिन वर्षों पहले उक्त पुल के ध्वस्त हो जाने से वहां के निवासियों को काफी असुविधा हो रही है। उक्त टोंस नदी पर पुल के पुनर्निर्माण की मांग जनता वर्षों से कर रही है लेकिन उ0प्र0 सरकार संसाधन के अभाव में उक्त पुल का पुनर्निर्माण करने में असमर्थ है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि मऊ शहर के नागरिकों को आवागमन की मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए टौंस नदी के पुराने टूटे हुए पुल के पुनर्निर्माण हेतु उ0प्र0 सरकार को धन उपलब्ध कराये।